an>

Title: Need to release balance funds for development of Urban Infrastructure and Governance under Jawahar Lal Nehru National Urban Renewal Mission in Jaipur and Ajmer, Rajasthan.

श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर) ः भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के यू.आई.जी. घटक हेतु 12 परियोजनाएं, जिनकी कुल लागत 1083.74 करोड़ रूपए स्वीकृत हैं, जिसमें भारत सरकार की हिस्सा राशि 693.59 करोड़ रूपए है। भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के अंतर्गत मिशन शहरों में जयपुर एवं अजमेर पुष्कर को चयनित किया गया है। वर्तमान में 5 कार्य (4 जयपुर व 1 अजमेर) पूर्ण हो चुके हैं। शहरी विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जवाहर लाल नेहरू शहरी नवीकरण योजना के अंतर्गत अपूर्ण कार्यों को अमृत योजना में सम्मिलित करते हुए मार्च 2017 तक इन कार्यों को पूर्ण करने की स्वीकृति प्रदान की है। भारत सरकार ने इन अपूर्ण कार्यों हेतु 50 प्रतिशत केन्द्रीय सहायता राशि स्वीकृत की है। इस निर्णय से राज्य सरकार को 44.42 करोड़ रूपए कम प्राप्त होंगे। इससे इन कार्यों की प्रगति विपरीत रूप से प्रभावित होगी। यू.आई.जी. घटक की स्वीकृत परियोजनाओं के लिए अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता की स्वीकृति की राशि में से भारत सरकार ने दिनांक 26.07.2011, 31.03.2012 एवं 04.09.2013 को 10 प्रतिशत राशि रिफार्मस नहीं होने के कारण काट ली है। भारत सरकार को काटी हुई राशि (39.86 करोड़ रूपए) राज्य सरकार को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया जाए ताकि कार्य की प्रगति में रूकावट न हो।

एम.ओ.यू.डी., भारत सरकार द्वारा जो कार्य 31.03.2012 से पूर्व में स्वीकृत हुए हैं, उनकी अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता राशि 31.03.2014 के बाद जारी नहीं की जा रही है जिससे प्रगतिरत कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

अतः मेरा माननीय शहरी विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि यू.आई.जी. परियोजनाओं के अंतर्गत लंबित बकाया राशि को अतिशीघ्र जारी करने की कृपा की जाए।